आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 शुक्रवार 10.05.2024

मुख्य समाचारः–

1– बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों के साथ हो रही मुठभेड़ में बारह माओवादियों के मारे जाने की खबर।

2– राज्यपाल ने महात्मा गांधी उद्यानिकी और वानिकी विश्वविद्यालय के कुलपति राम शंकर कुरील को भर्ती घोटाले के आरोप में बर्खास्त किया।

3– राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में जशपुर जिले के समाज सेवक जागेश्वर यादव को पद्मश्री पुरस्कार प्रदान किया।

4– प्रदेश में अक्षय तृतीया का पर्व आज उत्साह के साथ मनाया जा रहा है।

माओवादी मुठभेड़

बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों के साथ हो रही मुठभेड़ में बारह माओवादियों के मारे जाने की खबर है। इस मुठभेड़ में सुरक्षा बल के दो जवानों के घायल होने की भी खबर मिली है।

पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र यादव ने बताया कि गंगालूर थाना क्षेत्र के पीड़िया के जंगल में माओवादी नेताओं के मौजूद होने की सूचना मिलने पर सुकमा, बीजापुर और दंतेवाड़ा से एसटीएफ, डीआरजी और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम मौके के लिए रवाना की गई थी। इसी दौरान आज सुबह माओवादियों के साथ जवानों की मुठभेड़ हो गई। मौके से बड़ी मात्रा में विस्फोटक और हथियार भी बरामद किए गए हैं।

राज्यपाल–कुलपति

राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने दुर्ग जिले के पाटन स्थित महात्मा गांधी उद्यानिकी और वानिकी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर राम शंकर कुरील को बर्खास्त कर दिया है। इस संबंध में आज राजभवन से आदेश जारी कर दिया गया है। डॉक्टर राम शंकर कुरील पर भर्ती में घोटाले करने का आरोप था। इस संबंध में बनाई गई जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर राज्यपाल ने आज कुलपति को बर्खास्त करने का आदेश जारी किया।

राज्यपाल ने रायपुर संभागायुक्त डॉक्टर संजय अलंग को इस विश्वविद्यालय के कुलपति पद की जिम्मेदारी सौंपी है। डॉक्टर अलंग ने कार्यभार ग्रहण कर लिया है।

पद्म पुरस्कार

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कल राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में दो पद्म विभूषण, नौ पद्म भूषण और छप्पन पद्मश्री पुरस्कार प्रदान किए। पद्मश्री पुरस्कार पाने वालों में छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले के समाज सेवक जागेश्वर यादव भी शामिल थे। बिरहोर जनजाति के जागेश्वर यादव को इस वर्ष पद्मश्री पुरस्कार के लिए चुना गया था। बिरहोर आदिवासियों के उत्थान के लिए बेहतर कार्य करने पर उन्हें यह सम्मान दिया गया है। जागेश्वर यादव बगीचा विकासखंड के भितघरा गांव के रहने वाले हैं और वे वर्ष उन्नीस सौ नवासी से बिरहोर जनजाति के विकास के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने जशपुर जिले में एक आश्रम की भी स्थापना की है।

जागेश्वर यादव को पद्मश्री से नवाजे जाने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने उनके जीवन को प्रेरणादायक बताया।

महादेव सट्टा ऐप

महादेव सट्टा ऐप मामले में दुर्ग के सराफा व्यापारी प्रकाश सांखला को आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो–ईओडब्ल्यू ने हिरासत में लिया है। ईओडब्ल्यू ने कल दुर्ग में उनके घर और भिलाई स्थित दुकान में दबिश दी थी। कल रात उन्हें हिरासत में रायपुर लाया गया था। उन पर महादेव ऐप से जुड़े लोगों के पैसे कारोबार में निवेश करने का आरोप है।

इस बीच, इस मामले में गिरफ्तार पुलिस आरक्षक अर्जुन यादव को ईओडब्ल्यू ने आज पी.एम.एल.ए. विशेष अदालत में पेश किया, जहां से उन्हें पांच दिन की पुलिस रिमांड पर ईओडब्ल्यू को सौंपा गया है।

गौरतलब है कि ईओडब्ल्यू ने कल दुर्ग के अट्ठारह, रायपुर के सात, बलौदाबाजार के दो, रायगढ़ और कांकेर की एक–एक जगह पर कार्रवाई की थी। ईओडब्ल्यू के मुताबिक छापे में महादेव सट्टा ऐप से संबंधित दस्तावेज, हवाला संबंधी पर्चियां और बैंक संबधित कागजात समेत बड़ी मात्रा में दस्तावेज मिले हैं, जिनकी जांच की जा रही है।

वहीं, कस्टम मिलिंग घोटाले के आरोप में गिरफ्तार मार्कफेड के पूर्व अधिकारी मनोज सोनी की ईडी रिमांड अवधि भी चौदह मई तक के लिए बढ़ा दी गई है।

हाईकोर्ट–आईपीएस जीपी सिंह मामला

छत्तीसगढ़ के उन्नीस सौ चौरानवे बैच के आईपीएस जी.पी. सिंह को छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने बड़ी राहत दी है। उन पर लगाए गए राजद्रोह की मामले की प्रोसिडिंग पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है। वहीं, इससे पहले एक मई को केन्द्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण–कैट ने जी.पी. सिंह से जुड़े सभी मामलों को निराकृत कर बहाल किए जाने का आदेश दिया था।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ की पिछली कांग्रेस सरकार ने अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक जीपी सिंह के खिलाफ राजद्रोह का मामला दर्ज किया था। पुलिस की एफ.आई.आर. को चुनौती देते हुए उन्होंने हाईकोर्ट पर याचिका लगाई थी, जिसमें उन्होंने षड़यंत्र के तहत झूठे केस में फंसाने का आरोप लगाया है।

केदारनाथ–धाम

उत्तराखंड में आज से पवित्र चार धाम यात्रा का शुभारम्भ हुआ। अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर ग्यारहवें ज्योर्तिलिंग श्री केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिये गये। केदारनाथ धाम के कपाट आज सुबह वैदिक मंत्रोच्चार और पारंपरिक अनुष्ठानों के साथ खोले गए, जिसके साथ ही चार धाम यात्रा की शुरुआत हुई। वहीं, बद्रीनाथ के कपाट बारह मई को विधि–विधान से खोले जाएंगे।

मुख्यमंत्री–विद्यार्थी बातचीत

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज दसवीं और बारहवीं के टॉपर विद्यार्थियों से सीधे वीडियो कॉल कर उनसे बात की और उन्हें सफलता के लिए बधाई दी। बच्चों के लिए अपने मुख्यमंत्री से इस तरह अचानक रूबरू होना बेहद आनंददायक अनुभव रहा। मुख्यमंत्री ने बच्चों से उनके भविष्य की योजनाओं के बारे में भी पूछा और उन्हें लगातार परिश्रम करने की सलाह दी। मुख्यमंत्री ने बच्चों को देश का भविष्य बताते हुए उनके अभिभावकों और गुरूजनों को भी बधाई तथा शुभकामनाएं दीं।

अक्षय तृतीया

प्रदेश में अक्षय तृतीया का पर्व आज उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। छोटे बच्चों ने जहां गुड्डे–गुड़िया का विवाह रचाया, तो वहीं लोगों ने मंदिर–देवालयों में दान–दक्षिणा कर विशेष पूजा–अर्चना की। इस मौके पर राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर भंडारे का भी आयोजन किया गया। वहीं, सराफा बाजारों में भी काफी रौनक रही।

रायपुर के इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में आज अक्षय तृतीया पर अक्ती तिहार समारोह का आयोजन किया गया। कुलपति डॉक्टर गिरीश चंदेल ने विश्वविद्यालय परिसर में माटी पूजन और बीज संस्कार कर खेत में धान के बीजों की बुआई की। इस मौके पर उन्होंने विश्वविद्यालय की आतंरिक बस सेवा का शुभारंभ भी किया।

इस बीच, इस वर्ष अक्षय तृतीया पर होने वाले बाल विवाह को रोकने के लिए जिला प्रशासन मुस्तैद रहा। दंतेवाड़ा कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर यूनिसेफ के सहयोग से जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा बाल विवाह की रोकथाम के लिए पच्चीस अप्रैल से दस मई तक बाल विवाह रोकथाम पखवाड़े का आयोजन किया गया। इसके तहत यूनिसेफ के युवोदय वॉलेंटियर्स द्वारा 'पहले पढ़ाई फिर विदाई' नारों के साथ जिले की सभी पंचायतों और शहरी क्षेत्रों में बैनर–पोस्टर, रैली, नुक्कड़–नाटक, रंगोली और सुपोषण चौपाल जैसे विभिन्न आयोजनों के माध्यम से बाल विवाह के दुष्परिणामों की जानकारी दी गई।

इस बीच, जांजगीर–चांपा जिले के अकलतरी गांव में जिला प्रशासन की मदद से एक नाबालिग कन्या की शादी रूकवाई गई। सूचना मिलने पर महिला और बाल विकास के अधिकारियों ने गांव में दबिश दी और नाबालिग लड़की की शादी रूकवाई। वहीं, इसी जिले के चौराभांटा और पामगढ़ के तनौद में प्रशासन ने दो नाबालिग लड़कों का विवाह रूकवाया।

राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने अक्षय तृतीय के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई दी है।

दीपक बैज–आत्मानंद स्कूल

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि प्रदेश में स्वामी आत्मानंद स्कूलों का नाम बदले जाने का उनकी पार्टी हर स्तर पर विरोध करेगी। उन्होंने आज एक बयान जारी कर कहा कि स्वामी आत्मानंद छत्तीसगढ़ में जन्में एक विद्वान संत और विश्व विख्यात अध्यात्मिक व्यक्तित्व थे, इसलिए उनके नाम पर कांग्रेस सरकार ने आत्मानंद स्कूल शुरू किए थे। श्री बैज ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार स्कूल से उनके नाम को हटाना चाहती है। शासन की ओर से स्वामी आत्मानंद स्कूल योजना का नाम बदलकर पीएमश्री करने आदेश जारी किया गया है।

श्री बैज ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी इन स्कूलों को बंद करने की साजिश कर रही है, जो छत्तीसगढ़ के गरीब बच्चों के साथ अन्याय है।

बातों–बातों में

प्रादेशिक समाचार एकांश का समसामयिक विषयों पर आधारित कार्यक्रम ''बातों–बातों में'' इस बार गर्मी के मौसम में त्वचा संबंधी रोग और उससे बचाव पर चर्मरोग विशेषज्ञ और चंदूलाल चन्द्राकर मेमोरियल शासकीय मेडिकल कॉलेज भिलाई में चर्मरोग विभाग की अध्यक्ष डॉक्टर यशा उपेन्द्र से ली गई भेंटवार्ता प्रसारित की जाएगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी केंद्र रायपुर से कल ग्यारह मई को सुबह साढ़े दस बजे से प्रसारित होगा। इसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र रिले करेंगे।

## मौसम

प्रदेश में कल एक–दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने या गरज–चमक के साथ छीटें पड़ने की संभावना है। मौसम विभाग अनुसार कल के बाद वर्षा की गतिविधियों में वृद्धि होने की संभावना है। वहीं, प्रदेश में अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा।

## संक्षिप्त समाचार

– कजाकिस्तान में आयोजित यूथ बॉक्सिंग चैपियनशिप में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर की मुक्केबाज पूनम ने स्वर्ण पदक हासिल किया है।

– जबलपुर से दुर्ग के बीच चलाई जाने वाली समर स्पेशल ट्रेन को अपरिहार्य कारणों से रद्द कर दिया गया है।

– बालोद जिले के तांदुला जलाशय में डूबने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। यह व्यक्ति दुर्ग में पीडब्ल्यूडी विभाग में पदस्थ था और शादी के सिलसिले में हीरापुर गांव आया हुआ था।

– राजनांदगांव जिले के जंगलपुर और रामपुर गांव के बीच कल देर रात मालवाहक वाहन की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार लखोली निवासी एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने वाहन चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

– वहीं, इसी जिले के खुर्सीपार गांव में सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार एक युवक की मौत हो गई। जबकि, दो अन्य युवक घायल हो गए हैं।

– जांजगीर के रामनगर इलाके में आज एक गोदाम में आग लगने से लाखों रूपये का सामान जलकर नष्ट हो गया। फायर बिग्रेड की मदद से किसी तरह आग पर काबू पाया गया। इस गोदाम में बीज और अन्य सामग्री रखी हुई थी।

– नगर निगम रायपुर की जनसंपर्क शाखा में पदस्थ अजय वर्मा की निर्वाचन कार्य के दौरान मृत्यु हो जाने पर उनके परिजनों को जिला प्रशासन ने पंद्रह लाख रूपये की अनुग्रह राशि प्रदान की है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>